भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की स्थापना के

75वें वर्ष के अवसर पर सम्बोधन

नई दिल्ली, 1 जुलाई, 2023

ICAI के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर आप सभी के साथ जुड़कर मुझे खुशी हो रही है। यह वास्तव में सुखद है कि आपका यह उत्सव देश की गौरवशाली यात्रा के साथ भी जुड़ा है। आप सब आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सव' के दौरान यह स्थापना दिवस मना रहे हैं।

यह न केवल CA समुदाय के लिए बल्कि देश के संपूर्ण accounting और auditing पेशे के लिए एक विशेष दिन है। 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आपने विभिन्न आयोजन किए हैं जो भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आज जब ICAI का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, मैं स्पष्ट रूप से आप सबको व्यवसाय क्षेत्र के एक ऐसे मजबूत स्तंभ के रूप में देखती हूं जिससे सुशासन को बल मिलता है। आपको अर्थव्यवस्था के वास्तविक स्वास्थ्य को प्रतिबिंबित करने की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन में “अर्थ” की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है और एक अच्छी और सुदृढ़ अर्थवयवस्था “विश्वास” पर निर्भर होती है। विश्वास एक ऐसा शब्द है, जिसमें निहित है समर्पण, ईमानदारी, नैतिकता और कर्तव्य के लिए प्रतिबद्धता।

आप सब एक कठिन शिक्षा और कड़े प्रशिक्षण के बाद Chartered Accountant बनते हैं। मुझे बताया गया है कि देश में इस समय लगभग 3.5 लाख से ज्यादा Chartered Accountants हैं। इसमें विशेष प्रसन्नता इस बात की है कि दिनों-दिन इस व्यवसाय में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। मुझे यह भी बताया गया है कि इस समय परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले Chartered Accountants में महिलाओं की संख्या लगभग 42 प्रतिशत है। मैं आशा करती हूं कि वर्ष 2047 में जब देश आजादी की शताब्दी मनाएगा और आपका संस्थान भी अपने शताब्दी वर्ष के निकट होगा, तब तक देश में practicing women Chartered Accountants की संख्या fifty per cent से अधिक होगी।

आप सब भी मानेंगे कि महिलाएं सामान्यतः कुशल Finance Manager या Accountant होती हैं। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण इसका एक उदाहरण हैं। जैसा कि आप सभी जानते हैं, भारत में घरेलू बचत की एक प्रथा है। विशेषकर महिलाओं की आदत होती है कठिन समय के लिए बचत करना। यह ख़ुशी की बात है कि महिलाओं के लिए ICAI ने "वित्तीय और कर साक्षरता" अभियान शुरू किया है। अनैतिक तत्त्वों द्वारा गरीब और भोले लोगों को बचत पर अधिक ब्याज का लालच देकर धोखा दिया जाता है। आपका अभियान उनको इस तरह की धोखा-धड़ी से बचाएगा। ऐसे लोगों की बचत का सरंक्षण व संवर्धन करना भी आप सबका सामाजिक दायित्व है।

मेरा ध्यान ICAI के Vision 2030 के Statement की ओर गया। आपने इसमें कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं को उठाया है। अंतर्राष्ट्रीय मानक, पारदर्शिता तथा नैतिकता की कसौटी पर आपने अपने व्यवसाय को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। यह एक सार्थक प्रयास है। इसके साथ ही आपने cutting edge research and development को प्रोत्साहित करने का भी रास्ता अपनाया है, जिससे Chartered Accountants को प्रोत्साहित करने का भी रास्ता अपनाया है, जिससे Chartered Accountants तेज गति से हो रहे बदलावों को अपने व्यवसाय में समाहित कर सकें।

इस अवसर पर मैं उन तकनीकी बदलावों पर जोर देना चाहूंगी जो accounting और auditing practices के भविष्य में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएंगे। Data का manual assessment लगभग अप्रचलित हो गया है। जैसे-जैसे Artificial Intelligence परिपक्वता प्राप्त करेगी, मशीनों द्वारा data mining, auditing और accounting के ढांचे में काफी बदलाव आएगा। लोगों द्वारा किया गया उलटफेर technology के जरिए आसानी से सामने आ जाएगा। इसका स्पष्ट अर्थ है कि 'creative accounting' अतीत की बात हो जाएगी। मेरी राय में, ICAI को न केवल समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए बल्कि इस व्यवसाय में सही और नैतिक प्रथाओं को लागू करने के लिए तकनीकी नवाचारों को उत्साहपूर्वक अपनाने का प्रयास करना चाहिए।

देवियो और सज्जनो,

मुझे बताया गया है कि ICAI ने UDIN यानी Unique Document Identification Number की शुरुआत की है। इसके जरिये Chartered Accountants के प्रमाण पत्र का सत्यापन हो रहा है। जैसा आप स्वयं जानते है कि आपके certification का बहुत महत्व होता है। आपके हस्ताक्षर और प्रमाणपत्रों को देखकर देश के छोटे-बड़े निवेशक अपने निवेश का निर्णय लेते हैं। गलत सत्यापन न सिर्फ लोगों के निवेश को डुबाता है बल्कि लाखों घरों के सपनों को

तोड़ देता है। इसीलिये आपके व्यवसाय में प्रामाणिकता की बहुत आवश्यकता है। मुझे ख़ुशी है कि आपने UDIN के जरिये यह सार्थक प्रयास शुरू किया है।

इस विशेष अवसर पर मैं 'World Congress of Accountants' के सफल आयोजन के लिए ICAI को बधाई देना चाहती हूं। उसे "Olympics of Accountancy Profession" के नाम से भी जाना जाता है। मुझे यह बताया गया है कि इस कार्यक्रम के अस्तित्व के 118 वर्षों में पहली बार यह भारत में आयोजित किया गया, जिसमें 120 देशों के हजारों प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

ICAI की क्षमता और सदस्य-संख्या को विश्व में आदर से देखा जाता है। फिर भी हमारी Firms विश्वव्यापी या बड़ी MNCs के स्तर पर नहीं पहुंची हैं। इस दिशा में प्रयास जारी हैं। मेरा मानना है कि इस प्रयास को और बल मिलेगा अगर Accountancy Firms विभिन्न क्षेत्रों के Regulations पर ध्यान दें और law firms के साथ collaboration करेंl यह न सिर्फ ज्ञान का क्षितिज बढ़ाएगा बल्कि भारत की बढती अर्थवयवस्था को गति भी देगाl

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आपके लिए अपना प्रभाव दर्ज करने का यह उचित अवसर भी है। आज जब देश G-20 के अध्यक्ष के नाते विकसित और विकासशील देशों की मेजबानी कर रहा है, ICAI को दुनिया के best accounting principles and practices को अपनाना चाहिए। हमारी accounting practices के बारे में विश्व समुदाय को बताने का यह एक अच्छा अवसर है। ऐसे प्रयासों से आपकी कार्य पद्धति में निरंतर सुधार और विकास होता रहता है।

अप्रैल 2023 के महीने में GST Revenue Collection अब तक का सबसे अधिक रहा है जो कि एक कीर्तिमान है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल करदाताओं बल्कि आप जैसे सभी पेशेवरों की प्रतिबद्धता का परिणाम है जो देश के विकास में योगदान देने के लिए दिन–रात काम रहे हैं। यह ICAI को राष्ट्र निर्माण में एक प्रभावी भागीदार बनाता है।

हमारे पूर्ववर्ती राष्ट्रपति आदरणीय अब्दुल कलाम ने आपको देश के विकास का भागीदार (Partner) कहा था। यह सरकार के साथ आपके प्रयास का परिणाम है कि देश में निरंतर Tax Base बढ़ता जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग Tax Compliance Regime की तरफ जा रहे हैं। मुझे बताया गया है कि आपके कई सुझावों के जरिये कर प्रणाली को आसान और पारदर्शी बनाया गया है। कर नियोजन (Tax Planning) अच्छा है पर कर चोरी दंडनीय है।

हर नागरिक किसी न किसी रूप में कर देता है और यह चाहता है कि उसके योगदान का समुचित उपयोग हो। COVID महामारी के समय में कल्याणकारी योजनायें चलायी गईं और Vaccine का प्रबंध किया गयाl इसी तरह गरीबों और अनुसूचित जातियों व अनुसूचित

जनजातियों के कल्याण के लिए कई योजनायें शुरू हुयीं। ऐसे संदर्भों में आप सबका यह सामाजिक दायित्व बनता है कि देश के करदाताओं को कर प्रणाली को अपनाने के लिए प्रेरित करें और उसके लाभ समझाएं। देश के विकास में आपकी भागीदारी की भूमिका तभी सार्थक होगी। मुझे विश्वास है कि आप सब अपने दायित्वों का भली-भांति निर्वहन करेंगे और Chartered Accountancy के व्यवसाय को एक 'Pillar of Economic Governance' के रूप में देखा जाएगा।

आइए साझा दृष्टिकोण और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को और अधिक मजबूत बनाएं। हम सब उपलब्धियों का उत्सव मनाएं, अतीत का सम्मान करें और आगे आने वाली असीमित संभावनाओं को साकार करें। साथ मिलकर, आप सभी एक ऐसे भविष्य का निर्माण करेंगे जो उज्ज्वल, अधिक समावेशी और विकास के असीमित अवसरों से भरा होगा। मुझे विश्वास है कि आपके संस्थान के 75 वर्षों की गौरवशाली परंपरा आप सभी के लिए आने वाले वर्षों में सर्वश्रेष्ठ बनने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरणा सिद्ध होगी।

आप सभी को मेरी शुभकामनाएं !

धन्यवाद,

जय हिन्द!